आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 101 ● कटनी ● शनिवार, 14 मई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास शुक्ल पक्ष-13 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 122
hathway 598
UCN NEWS HD 81

## गेहूं के निर्यात पर तत्काल रोक



Demo Pic

### लगातार बढ़ती कीमतों के बीच सरकार ने उठाया कदम

**नई दिल्ली।** गेहूं की बढ़ती कीमतों के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। शनिवार को सरकार ने गेहूं के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से बैन लगा दिया। गेहूं को प्रतिबंधित श्रेणी में रखा गया है। सरकार की ओर से कहा गया है कि देश की खाद्य सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। साथ ही पड़ोसी देशों और गरीब देशों को समर्थन करने के लिए भी ऐसा करना जरूरी था। इस बीच आपको बता दें कि जिन देशों को पहले ही इसके निर्यात की अनुमति दी जा चुकी है, उन्हें इसका निर्यात जारी रहेगा।

24 घंटे खबरों से अपडेट रहने के लिए जुड़े रहे
WWW.yashbharat.co.in

#### डीजीएफटी की अधिसूचना में दी गई जानकारी

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 13 मई को जारी अधिसूचना में कहा है कि इस अधिसूचना की तारीख या उससे पहले जिस खेप के लिए अपरिवर्तनीय ऋण पत्र (एलओसी) जारी किए गए हैं, उसके निर्यात की अनुमति होगी। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग से पूरी दुनिया में गेहूं की कीमतों में जोरदार इजाफा हुआ है। भारत में भी घरेलू स्तर पर गेहूं की कीमत बढ़ी है। कई प्रमुख राज्यों में सरकारी खरीद की प्रक्रिया काफी सुस्त चल रही है और लक्ष्य से काफी कम गेहूं की खरीदारी हुई है। इसकी वजह यह है कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से ज्यादा कीमत बाजार में मिल रही है।

#### अप्रैल महीने में रिकॉर्ड गेहूं का निर्यात हुआ

गौरतलब है कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक। देश ने वित्त वर्ष 2021-22 कुल 70 लाख टन गेहूं का निर्यात किया, जबकि बीते अप्रैल महीने की बात करें तो भारत ने रिकॉर्ड 14 लाख टन गेहूं का निर्यात किया है।

#### प्याज प्रतिबंधित श्रेणी से बाहर आई



बता दें कि रूस-यूक्रेन जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गेहूं की कीमता में 40 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है, जिससे गेहूं का निर्यात बढ़ा है। इसके अनुरूप घरेलू स्तर पर मांग बढ़ने के बीच गेहूं और गेहूं के आटे के दाम भी आसमान छू रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल के मुकाबले आटे की कीमत में अब तक करीब 13 फीसदी की तेजी आ चुकी है। गेहूं के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से बैन लगाने के साथ ही डीजीएफटी ने एक दूसरी अधिसूचना में जानकारी दी कि प्याज के बीज की निर्यात नीति में भी बदलाव किया गया है और इसे तत्काल प्रभाव से सीमित श्रेणी के तहत रखा गया है। यहां बता दें कि इससे पहले प्याज के बीज का निर्यात भी प्रतिबंधित श्रेणी में था।

### गुना में काले हिरण के शिकारियों से मुठभेड़, आईजी को हटाया

## एसआई समेत 3 पुलिसकर्मी शहीद

**गुना।** गुना के आरोन में शिकारियों से हुई मुठभेड़ में तीन पुलिस कर्मी शहीद हो गये हैं। पुलिस टीम में शामिल ड्राइवर गंभीर रूप से घायल है। घटना शनिवार तड़के 3 से 4 बजे के बीच की बताई जा रही है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में शिकारी नौशाद मेवाती मारा गया है। एस आई राजकुमार जाटव के हाथ में गोली लगने के बाद भी उन्होंने कई राउंड फायर किए।

घटना को लेकर मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक बुलाई है। घटनास्थल पर देरी से पहुंचने पर ग्वालियर के आई अनिल शर्मा को हटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि आईजी ग्वालियर से तब निकले जब पता चला की सीएम ने भोपाल में मीटिंग बुलाई है । सुबह नौ बजे रवाना हुए थे ग्वालियर से । क़ानून व्यवस्था की जगह ज़मीन मकान कालेज में रुचिरखते थे। मध्यप्रदेश सरकार ने तीनों पुलिसकर्मियों के परिवार को 1-1 करोड़ का मुआवजा देने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अपराधियों की पहचान हो गई है। पुलिस फोर्स को भेजा गया है। ऐसी सख्त कार्रवाई होगी कि इतिहास में उदाहरण बनेगी । पूरी जांच चल रही है। पास के गांव में एक शव भी बरामद हुआ है। गोली लगने से मौत हुई है, लेकिन घटना की पूरी जांच हो रही है SP राजीव कुमार मिश्रा का कहना है कि सगा बरखेड़ा की तरफ से बदमाशों के जाने की सूचना मिली थी। इनकी घेराबंदी के लिए 3-4 पुलिस टीम लगाई गई थीं। जंगल में 4-5 बाइक से बदमाश जाते हुए दिखे। पुलिस ने घेराबंदी की तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की।





#### काले हिरण के शिकार के लिए आए थे आरोपी!

वाहन चालक लखन गिरी को गंभीर स्थिति में यहां जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के हमले के बाद पुलिस के साथ उनकी मुठभेड़ भी होने की सूचनाएं हैं। बताया गया है कि बदमाश इस इलाके में कथित तौर पर काले हिरण के शिकार के लिए आए थे। फिलहाल इन तीनों पुलिसकर्मियों के शवों को पोस्टमार्टम में रख दिये है इसके साथ ही इस बड़ी घटना को लेकर सभी प्रशासन के अधिकारी जांच में जुट गए हैं।

### परिजनों को एक-एक करोड़ देने का ऐलान

#### गृह मंत्री बोले- ऐसी कार्रवाई करेंगे, जो नजीर बनेगी

*गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि हमारे परिवार के तीन जांबाज सदस्यों की मौत हो गई। अपराधी कोई भी हो, पुलिस से बच के जा नहीं सकते। कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सख्त से सख्त कार्रवाई हमलावरों पर की जाएगी। ऐसी कार्रवाई करेंगे, जो नजीर बनेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान खुद घटना की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मध्य प्रदेश की पुलिस मुस्तैदी से जान की बाजी लगाकर कर्तव्य निर्वहन कर रही है । रात्रि में भी पुलिस पेट्रोलिंग नियमित व निरंतर हो रही है इसीलिए शिकारियों को घेर पाए।*



मुख्यमंत्री सख्त

#### अंतिम संस्कार में शामिल होंगे प्रभारी मंत्री

इसमें सब इंस्पेक्टर राजकुमार जाटव, आरक्षक नीरज भार्गव और आरक्षक संतराम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। शिकारियों के पास से पांच हिरण और एक मोर के अवशेष जब्त किए हैं। स्‍व राजकुमार जाटव का अंतिम संस्कार अशोकनगर में होगा। आरक्षक संतराम का श्योपुर में, आरक्षक राजीव भार्गव का अंतिम संस्कार गुना में ही किया जाएगा। शहीदों के अंतिम संस्कार में जिलों के प्रभारी मंत्री शामिल होंगे।

## एसपी समेत पूरा थाना और चौकी स्टाफ को हटाया

**भोपाल।** सिवनी में हुई आदिवासियों की हत्या के मामले की जांच एसआईटी करेगी। साथ ही इस मामले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिवनी एसपी को हटाने के निर्देश दिए हैं। कुरई थाने और बादलपार चौकी के पूरे स्टाफ को भी हटाने के लिए कहा है। सिवनी जिले की कुरई तहसील के सिमरिया गांव में गोमांस तस्करी के शक में तीन आदिवासियों को लाठियों से जमकर पीटा गया था। इसमें दो की मौत हो गई थी, वहीं एक युवक घायल है। ग्रामीणों ने बजरंग दल से जुड़े लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया था।

**सिवनी आदिवासी हत्याकांड में सीएम का बड़ा एक्शन**

### मैरिज एनिवर्सरी पर सेक्स के दौरान पत्नी की मौत

## छिंदवाड़ा में मर्दानगी को चैलेंज करने पर पति के वहशीपन ने ले ली जान

**छिंदवाड़ा ।** छिंदवाड़ा में एक शख्स ने सेक्स करते-करते पत्नी की जान ले ली। इसी दिन उनकी मैरिज एनिवर्सरी भी थी। दोनों ने पहले शराब पार्टी की। इसके बाद सेक्स पॉवर को चैलेंज करने पर पति वहशी बन गया और पत्नी के साथ अननेचुरल सेक्स करने लगा। इसी दौरान प्राइवेट पार्ट से अधिक खून बहने से पत्नी बेहोश हो गई, बाद में उसने दम तोड़ दिया। बयानों के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर गिरफ्तार किया है। मामला 10 मई को बिजोरी गुमाई का है। उमरेठ थाना प्रभारी बलवंत कौरव ने बताया कि बिजौरी गुमाई में रहने वाली 42 साल की महिला का शव उसी के घर में निर्वस्त्र हालत में मिला था। बेटे के बयान के आधार पर महिला के पति कलीराम मरकाम (45) से पूछताछ की गई। इसके बाद कलीराम ने क्रूरता की जो कहानी बताई, उसे सुनकर पुलिस वालों के हाथ-पैर फूल गए। पति ने पुलिस को बताया 10 मई को उनकी शादी की सालगिरह थी। इस खुशी में दोनों ने साथ में शराब पीकर जश्न मनाया। इसके बाद नशे में बेकाबू होकर पति ने पत्नी से संबंध बनाए। उसने अननेचुरल सेक्स भी किया। इससे वह काफी देर तक वो तड़पती रही। अत्यधिक खून बहने से मौत हो गई।

#### तड़पता छोड़ घर से भाग निकला

*पत्नी की हालत देखकर पति घबरा गया और तुरंत घर के बाहर चला गया। उसने पत्नी के कपड़े भी दूसरी जगह फेंक दिए। कपड़ों पर खून के निशान देखकर कुछ लोगों ने महिला के बेटे को इस बारे में सूचना दी। जब वह मौके पर पहुंचा तो मां को मृत पाया। इसके बाद उसने पुलिस को खबर कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी संजीव का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आनी बाकी है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। महिला का पीएम दो डॉक्टर की टीम ने किया। इस दौरान महिला के शव के अंदरुनी हिस्सों में गंभीर चोट के निशान मिले हैं।*

### राज्यसभा चुनाव

## भाजपा-दिल्ली से होंगे नाम तय

### मप्र की दोनों सीटें लेने की तैयारी में

## कांग्रेस में भी कवायद तन्खा का नाम आगे

**भोपाल।** मप्र में अगले महीने 10 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा व कांग्रेस में 3 सीट पर चेहरों की तलाश तेज हो गई है। राज्यसभा के लिए भाजपा के हिस्से में दो सीट जाना तय है, जबकि एक सीट कांग्रेस के पास रहेगी। भाजपा में दोनों सीट पर नाम पर अंतिम मुहर लगाने के लिए केंद्रीय नेतृत्व की बैठक दिल्ली में होगी। भाजपा में वर्तमान समीकरणों के हिसाब से एक सीट केंद्रीय नेतृत्व के हिस्से में जा सकती है, लेकिन प्रदेश संगठन ताकत से लगा है कि दोनों सीट प्रदेश के पास हो। भाजपा संगठन ने राज्यसभा सीट के लिए चेहरों की तलाश शुरू कर दी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का नाम दावेदारों में सबसे मजबूत है। इसके पहले प्रदेश से राज्यसभा की 3 सीट पर केंद्रीय मंत्री भेजे गए हैं। प्रदेश संगठन का जोर है कि एक सीट से दलित चेहरा व दूसरे से किसी सामान्य या ओबीसी को भेजा जाए। हिन्दुत्व कार्ड चला तो जयभान सिंह पवैया का नाम अचानक सामने आ सकता है। कैलाश विजयवर्गीय, लाल सिंह आर्य व कविता पाटीदार के नाम भी है। कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य की ओर से सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा का नाम लगभग तय है। प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को लेकर गरमाई राजनीति के बीच पार्टी में वरिष्ठ नेता अशोक सिंह का नाम चर्चा में आया है।



## भट्टी की तरह तप रहा मध्य प्रदेश

### कई शहरों में हीटवेव की चेतावनी

**भोपाल।** देश में गर्मी का कहर जारी है। पिछले कई दिनों से पारा 40 डिग्री के पार बना हुआ है। मौसम विभाग ने शनिवार को कई शहरों के लिए हीटवेव की चेतावनी जारी की है। विभाग का कहना है कि राजस्थान, दिल्ली, मप्र सहित कई शहरों में पारा 45 डिग्री के पार जाने की संभावना है। इससे लोगों को काफी परेशानी होगी। हालांकि, इस साल देश में मानसून के समय से पहले आने का अनुमान है। मध्यप्रदेश में भी झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। शुक्रवार को प्रदेश का नौगांव 48 डिग्री तापमान के साथ दुनिया का 7वां सबसे गर्म शहर रहा। बीते 16 साल में ऐसा पहली बार है, जब मई का पहला पखवाड़ा इतना तपा है। मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को 27 जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इनमें भोपाल भी शामिल है। सिवनी में मौसम का मिजाज एकदम उलट रहा। यहां दिन का तापमान 9.2 डिग्री तक गिरा है, वहीं रात का तापमान 6.7 डिग्री तक लुढ़का है। 24 घंटों के दौरान प्रदेश के मंडला, बालाघाट जिलों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा दर्ज की गई। अगले 24 घंटों में भी यहां आंधी-पानी की संभावना है। मौसम विभाग ने आधे से ज्यादा जिलों में लू के लिए चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार पड़ोसी राज्यों से आ रही गर्म हवाएं तापमान बढ़ा रही हैं।



24 घंटे खबरों से अपडेट रहने के लिए जुड़े रहे
WWW.yashbharat.co.in



#### मंदिर में लगे एसी-कूलर

मध्य प्रदेश के निमाड़ मालवा क्षेत्र में भी सूरज तप रहा है। खरगोन में पारा 46 से 47 तो वहीं खंडवा में 45 से 46 डिग्री तक पहुंच चुका है। इस गर्मी से आम से लेकर खास तक सभी परेशान हैं। हालत यह हो चुकी है कि भीषण गर्मी से भगवान को बचाने के लिए भक्तों ने मंदिरों में एसी और कूलर लगवा दिए हैं खंडवा में शुक्रवार को पारा 46 डिग्री के पार हो गया। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घरों में कूलर ओर एसी का उपयोग कर रहे है। ऐसे में भगवान को गर्मी से बचाने के लिए मंदिरो में भी भक्तों द्वारा कूलर और एसी लगाए गए है। ताकि भगवान को गर्मी का अहसास न हो। खंडवा के प्रमुख मंदिरों में भगवान की प्रतिमा के सामने कूलर और एसी स्थापित किए हैं।


## जादू-टोने के शक पर मामा को कुल्हाड़ी से काटा

**सीधी,** ।सीधी जिले में एक बार फिर रिश्ता शर्मसार हुआ है। रिश्ते के भांजे ने जादू टोना के शक पर अपने मामा का सिर धड़ से अलग कर दिया। मन में इतना गुस्सा था कि सिर को लेकर गांव की ओर चल दिया। सूचना मिलते ही तत्काल पहुंची पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। घटना जमोड़ी थाना अंतर्गत कारीमाटी गांव शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजुलता पटले मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी रही है। थाना प्रभारी शेषमणि मिश्रा अपनी टीम के साथ पहुंचकर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से आसपास के गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। बता दें कि जादू टोना से परेशान रावेंद्र सिंह गोड़ शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे अपने रिश्ते के मामा मकसूदन सिंह गोड़ 60 वर्ष के कारीमाटी स्थित घर पहुंचा। दोनों के बीच जादू टोना को लेकर बातचीत शुरू हुआ और देखते ही देखते रावेंद्र सिंह ने कुल्हाड़ी रिश्ते के मामा के सिर को धड़ से अलग कर दिया। मन में इतना गुस्सा भरा हुआ था कि वह सिर और कुल्हाड़ी को हाथ में लेकर गांव की ओर निकल पड़ा। ऐसा करते देख गांव के लोग डर गए और इसकी सूचना पुलिस को दिया।आरोपित युवक मामा मकसूदन के घर में घटना को अंजाम देने के बाद करीब चार किलोमीटर तक सिर और कुल्हाड़ी को लेकर पैदल कारी माटी गांव से नेबूहा पश्चिम टोला तक पहुंच गया।

**सिर लेकर चार किमी चलता रहा भांजा**

### बढ़ सकता है मृतकों का आंकड़ा


## दिल्ली अग्निकांड में 2 गिरफ्तार अब तक 27 मौतें, 19 लापता



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के मुंडका इलाके में शुक्रवार शाम चार मंजिला इमारत में लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हो गई और 12 लोग घायल हैं, जिन्हें ग्रीन कारिडोर बनाकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता डीसीपी अन्येष राय ने 26 लोगों के मरने की पुष्टि की है। अब भी 19 लोग लापता बताए जा रहे हैं। मृतकों में दमकल विभाग के दो कर्मचारी भी शामिल हैं। वहीं, 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम इमारत के मालिक हरीश गोयल और वरुण गोयल को हिरासत में ले लिया। मौके पर दमकल विभाग के सैकड़ों कर्मी 30 से ज्यादा गाड़ियों के साथ देर रात तक आग पर काबू पा सके। र पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आग को रात करीब 10 बजे नियंत्रित कर लिया गया था। अधिकारियों के मुताबिक इमारत में 150 से ज्यादा लोग मौजूद थे। मामले में जांच आगे बढ़ाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इमारत के मालिक मनीष लाकड़ा से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। मृतकों में कुछ की पहचान नहीं हो पाई है।

### कांग्रेस चिंतन शिविर

## सोनिया ने खींची लक्ष्मण रेखा, यहां खूब बोलिए, पर बाहर एक ही संदेश जाना चाहिए




**उदयपुर ।** आप यहां खुलकर अपनी बात रखने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन बार यही संदेश जाना चाहिए कि संगठन एक है। कांग्रेस के चिंतन शिविर के उद्घाटन भाषण में सोनिया गांधी ने अनुशासन की लक्ष्मण रेखा खींचते हुए पार्टी के नेताओं से कर्ज उतारने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हम सभी को बहुत कुछ दिया है और अब उसका कर्ज लौटाने की बारी है। सोनिया गांधी ने कहा कि हमें यह करना होगा कि यहां से जब निकलें तो नई ऊर्जा, नई प्रतिबद्धता और प्रेरणा के साथ निकलेंगे। उन्होंने कहा कि देश की जनता को एक बार फिर से कांग्रेस से बड़ी उम्मीदें हैं और हमें उनको पूरा करने दिखाना होगा। सोनिया गांधी ने इस दौरान मोदी सरकार पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज मुस्लिमों पर देश भर में अत्याचार हो रहे हैं। वे भी बराबर के शहरी हैं और उन्हें भी समान अधिकार हैं। उन्होंने कहा कि कमजोर वर्ग के लोग आज उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। खासतौर पर दलितों को सजा दी जा रही है। सोनिया गांधी ने कहा कि मोदी सरकार के राज में देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है और नोटबंदी के बाद से ही लगातार गिरावट का दौर जारी है। उन्होंने कहा कि लोग अब यह मान चुके हैं कि हमें नौकरियां नहीं मिलने वाली हैं।

24 घंटे खबरों से अपडेट रहने के लिए जुड़े रहे
WWW.yashbharat.co.in

### मप्र में निकाय चुनाव

## 17 मई को सुप्रीम कोर्ट में साफ होगी तस्वीर




**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत (ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व जिला पंचायत) और नगरीय निकाय (नगर परिषद, नगर पालिका और नगर निगम) के चुनाव अभी होंगे या नहीं, इसकी तस्वीर मंगलवार (17 मई) को सुप्रीम कोर्ट में साफ होगी। प्रदेश सरकार ने ओबीसी आरक्षण के बिना चुनाव कराने के संबंध में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पुनर्विचार का आवेदन लगाया है। इस पर सुनवाई 17 मई को नियत की गई है। गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि पुनर्विचार आवेदन के साथ ही मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ने ट्रिपल टेस्ट की वार्डवार रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई है। इसमें प्रत्येक निकाय में ओबीसी की स्थिति को लेकर तथ्यात्मक जानकारी दी गई है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के कराने का आदेश दिया था। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग को दो सप्ताह यानी 24 मई तक चुनाव की अधिसूचना जारी करने के लिए कहा। आयोग ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। कलेक्टरों व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी हो चुकी है।

# मौसम बदला तो किसान गेहूं को बचाने के लिए चिंतित

**कटनी।** बिन मौसम बारिश ने बीते वर्षों में भी किसानों को काफी नुकसान पहुंचाया है अब एक बार फिर से यह चिंता किसानों को होना लाजिमी है। जिले में शुक्रवार की दोपहर आचानक मौसम बदल गया। इससे पहले अच्छी कड़क धूप छाई थी। लेकिन दोपहर में मौसम ने अचानक से करवट बदली और तेज हवाएं चलना शुरू हो गई। तेज हवा के कारण सडकों पर धुंध छा गई। तेज हवाएं चलने के बाद जिले में कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हुई। तक इस तरह का मौसम रहा शाम करीब चार बजे फिर धूप लिख गई। इसी समय बिजली गुल होने से लोगों को गर्मी ने हैरान कर दिया। अचानक बदले मौसम ने खरीदी केंद्रों पर किसानों की भी बढ़ा दी। किसान अपने-अपने गेंहू बचाते नजर आए। पिछले दिनों से शुरू है मौसम की आंख मिचौनी: पिछले दिनों से ही मौसम की आख मिचौली शुरू हो गई है। कभी तेज धूप निकलती तो कभी बादल छा जाते हैं। शुक्रवार को ऐसा करीब दोपहर 12 बजे के बाद से ही शुरू हो गया था। शाम होते-होते करीब 4 बजे तेज आंधी तूफान शूरू हो गया। हवाएं चलने के कारण दोपहर से ही बिजली गुल रही मौसम विज्ञानिकों की मानें तो इस समय मौसम में बदलाव होना मानसून पर असर कर सकता है। बैशाख के महीने में इस तरह का मौसम कम ही देखने को मिलता है और जेठ के महीने में मानसून से पहले बारिश होने के ज्यादा संभावना होती है।



### कटनी में गेहूं खरीदी के आंकड़े

जिले में रबी विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर अब तक करीब 12 हजार किसानों से 73 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। जबकि 852 किसानों ने 2 हजार 616 मीट्रिक टन चना समर्थन मूल्य पर बेचा है।जिले के बहोरीबंद में अब तक सबसे अधिक 22 हजार मीट्रिक से अधिक, रीठी तहसील करीब 4 हजार मीट्रिक टन, विजयराघवगढ़ तहसील में करीब 9 हजार मीट्रिक टन, स्लीमनाबाद तहसील में करीब 10 हजार मीट्रिक टन और बरही तहसील में करीब 4 हजार मीट्रिक टन, बड़वारा तहसील में करीब 4 हजार मीट्रिक टन गेहूं अब तक बेचा है। कटनी तहसील में भी करीब 4 हजार मीट्रिक टन और ढीमरखेड़ा तहसील में 17 हजार मीट्रिक टन गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदी केन्द्रों में बेचा गया है। जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 852 किसानों से 2 हजार 616 मीट्रिक टन चना भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जा चुका है। चना का समर्थन मूल्य राज्य शासन ने 5 हजार 230 रुपए प्रति क्विंटल और गेहूं का 2015 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

# महिला पर झूठे मामले में फंसाने का आरोप

***कटनी।** दो दिन पहले एक खबर ने कटनी में सनसनी फैला दी थी जब पता लगा था कि कुछ लोगों ने एक महिला पर मिट्टी का तेल डाल कर जिंदा जलाने का प्रयास किया। अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है। जिन लोगों पर महिला ने आरोप लगाया था वे सामने आए और महिला के आरोप को झूठा करार दिया है।*



माधवनगर थाना क्षेत्र में दो पक्षों में चल रहा विवाद अब झूठे आरोप लगाकर फंसाने तक की स्थिति में पहुंच गया। शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचे युवक ने एक महिला पर झूठे मामले में फंसाने का आरोप लगाया। युवक ने लिखित शिकायत में कहा कि महिला ने उसे फंसाने के लिए खुद पर ही मिट्टी का तेल डाल लिया। जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी उसके पास है। सीसीटीवी फुटेज का वीडियो भी वायरल हुआ है। मामले की शिकायत के बाद जांच शुरु कर दी गई है। माधवनगर कैरिनलाइन निवासी नीरज भोजवानी ने शिकायत में बताया कि एक महिला जो अपराधिक प्रवृत्ति की है। वह अवैध शराब विक्रय, सट्टा पर्ची कटवाने के अवैध कारोबार करती है। उसके खिलाफ आपराधिक मामले भी पुलिस थाने में दर्ज हैं। नीरज भोजवानी ने बताया कि 12 मई को सुबह करीब दस बजे महिला ने खुद अपने ऊपर मिट्टी का तेल डालकर पुलिस थाने में उसके खिलाफ झूठी शिकायत करने गई थी। जबकि मोहल्ले में लगे सीसीटीवी फुटेज में वह स्वंय पर मिट्टी का तेल डालते हुए भी दिख रही है। युवक ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी महिला उसे दो झूठे मामले में फंसाने का प्रयास कर चुकी है। पुलिस अधीक्षक से जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की गई है।

## खादी ग्रामोद्योग अध्यक्ष जितेंद्र लिटेरिया पहुंचे त्यागी आश्रम



**कटनी।** मध्यप्रदेश खादी एवम ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र लिटोरिया सांसद प्रतिनिधि बड़वारा पद्मेश गौतम, राजेश सिंह जी, धीरेन्द्र बहादुर जिला पंचायत सदस्य, अमित तिवारी, कल त्यागी महाराज की आश्रम पहुंचे माता रानी की आरती पूजन की साथ ही आश्रम के लिए फल प्रसाद के साथ त्यागी जी को शाल श्रीफल दिया और आश्रम की गतिविधियों को विस्तार से जाना जितेंद्र जी ने त्याग को प्रणाम किया और कहा कि इतनी तपन मे जहा लोग घर से बाहर नही जा पाते वही आपका राष्ट्र धर्म के प्रति अद्भुत समर्पण है आपके त्याग को नमन है। इस अवसर पर त्यागी महराज ने यहां महाविघालय में कृषि संकाय , पुस्तकालय, छोटी विलायत पर पुल, आश्रम के बाजू से यात्री प्रतीक्षालय स्टेशन का नाम ज्ञान तीर्थ स्वर्ग धाम विलायत कला, स्टेडियम, पूरे गांव क्षेत्र में सोलर लाइट, गुरूकुल शिक्षा पद्धति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषय रखे साथ ही कहा कि जिसमें जमीन की जरूरत होगी वह त्यागी जी दान करेंगे जहा जैसी आवश्यकता होगी। त्यागी जी ने कहा मेरा जीवन राष्ट्र रक्षा विश्व कल्याण हेतु समर्पित है इसके लिए सब कुछ समर्पित ईश्वर ने दिया उसको ही समर्पित है।

## कार्ड के बावजूद बन जाता है बिल

# आयुष्मान भारत योजना को दिखा रहे ठेंगा



**कटनी।** गत दिनों आयुष्मान कार्ड होने के बाद भी मरीजों से पैसे वसूल करने के मामले में दोनों अस्पतालों को स्वास्थ विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया है। मरीज से वसूले गए अतिरिक्त शुल्क की 3 गुना रकम बतौर जुर्माना जमा कराया गया है। इस राशि में से मरीज से लिए गए अतिरिक्त शुल्क को संबंधित व्यक्ति को वापस करने के निर्देश हैं। हालांकि इसके बाद अस्पतालों की वसूली रूक गई ऐसा नहीं एक बार फिर से ऐसी शिकायतें सामने आ रहीं है जिसके अनुसार आयुष्मान भारत कार्ड धारियों से अवैध रूप से पैसा लिया जा रहा है। चूंकि मरीज या फिर उनके परिजन ऐसे मामलों में अस्पताल से खास तौर पर इलाज में पंगा नहीं लेना चाहते लिहाजा वे चुप रहते हैं लेकिन यही खामोशी कतिपय अस्पतालों के लिए मुनाफे का सौदा बन जाती है।

### पीड़ित ऐसे कर सकते हैं शिकायत

आयुष्मान भारत योजना के हितग्राही, निजी अस्पताल में उपचार शुल्क वसूली की स्थिति में तीन स्तर पर शिकायत कर सकते हैं। आयुष्मान हेल्पलाइन पर फोन में, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में और आयुष्मान योजना से जुड़े अधिकारी के निरीक्षण या प्रवास के दौरान पीड़ित अवैध शुल्क वसूली की समस्या बता सकते हैं।

### एक हिस्सा मरीज के खाते में जाएगा

आयुष्मान भारत योजना के पात्र मरीजों से की गई अवैध वसूली की राशि का 3 गुना जुर्माना अस्पतालों पर किया गया है। इस राशि की संबंधित निजी अस्पताल को जारी होने वाले आयुष्मान फंड में कटौती कर ली गई है। इसका दो हिस्सा सरकार अपने पास रख कर राशि के बाकी एक भाग को संबंधित मरीज के खाते में ट्रांसफर किया जा रहा है।

### मजबूरी का उठा रहे फायदा

आयुष्मान भारत के पात्र हितग्राही मरीज बीमार होने पर बेहतर उपचार की उम्मीद से निजी अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं। मरीजों की मजबूरी का फायदा उठाकर अस्पताल धोखाधड़ी कर रहे हैं। आयुष्मान पैकेज में कुछ बीमारियां और सर्जरी के उपकरण शामिल नहीं होने का हवाला देकर अवैध कमाई कर रहे हैं। बड़ी संख्या से ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाले गरीब मरीज निजी अस्पतालों के चुंगल में फंस जाते हैं।

# कांग्रेस की नीति और नियत के कारण पिछड़ा वर्ग आरक्षण से वंचित: आशीष दुबे

**कटनी।** कांग्रेस की नीति और नियत दोनों ही सदैव पिछड़ा वर्ग की विरोधी रही हैं। उसने कभी भी पिछड़ा वर्ग का उत्थान नहीं सोचा कांग्रेस के कारण ही आज पिछड़ा वर्ग आरक्षण से वंचित हो रहा है। यह आरोप लगाते भाजपा के प्रदेश मंत्री आशीष दुबे ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पर ल जमकर हमला बोला। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण करने के संबंध में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर संशोधन का आवेदन दायर करके पुन: अदालत से आग्रह करेगी कि मध्यप्रदेश में ओबीसी आरक्षण के साथ ही पंचायत एवं स्थानीय निकाय चुनाव सम्पन्न हों। प्रदेश मंत्री आशीष दुबे ने पत्रकारों से चर्चा करते कहा कि 15 माह की कमलनाथ की सरकार के दौरान यह षडयंत्र रचा गया। न्यायालय भी कांग्रेस ही पहुंची। 27 प्रतिशत आरक्षण देने के मामले में कांग्रेस की सरकार ने न्यायालय के समक्ष कमजोर दलील दीं। यही नहीं भाजपा ने जब सुव्यवस्थित ढंग से निकाय और पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू की तब फिर कांग्रेस के नेताओं ने इसमें खलल डाला परिणाम आज फिर से सामने है। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा बिना आरक्षण के चुनाव न हो इसके लिए अभी भी पूरी तरह से प्रयासरत है। हमे उम्मीद है कि इसमें सफलता मिलेगी। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते भाजपा के प्रदेश मंत्री ने कहा कि बिना ओबीसी आरक्षण के नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव



**पत्रकार वार्ता में भाजपा के प्रदेश मंत्री ने कहा- कांग्रेस चाहती ही नहीं कि स्थानीय चुनाव हों**

कराये जाने की वर्तमान परिस्थिति कांग्रेस के कारण निर्मित हुई है। आरक्षण के साथ पंचायत चुनाव प्रक्रिया चल ही रही थी एवं सरकार द्वारा इसके अंतर्गत वार्ड परिसीमन, वार्डों का आरक्षण, महापौर तथा अध्यक्ष का आरक्षण, मतदाता सूची तैयार करना आदि समस्त तैयारी कर ली गई थी। यहां तक की ओबीसी एवं अन्य उम्मीदवारों द्वारा नामांकन भी दाखिल कर दिया गया था, किन्तु कांग्रेस इसके विरूद्ध हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट गई, जिससे होने वाले चुनाव प्रभावित हुए एवं व्यवधान उत्पन्न हुआ। श्री दुबे ने कहा कि हमारी भाजपा सरकार ने तो करोना काल के समय भी चुनाव कराये जाने की आरक्षण/परिसीमन की कार्यवाही पूर्ण कर ली थी, कि निकायों का चुनाव कराया जाए। कांग्रेस चुनाव कराने से हमेशा डरती है क्योंकि उनको इस बात का संज्ञान था कि उनका जनाधार पूरी तरह से समाप्त हो चुका है, जिस प्रकार विधानसभा उपचुनाव में उनकी हार हुई थी उसी प्रकार निकाय चुनाव में भी वो बुरी तरह से हारेंगे। कमलनाथ सरकार द्वारा त्रुटिपूर्ण तरीके से किये गये परिसीमन करते हुए नवीन पंचायतें बनाई गई एवं कई पंचायतों को समाप्त करते हुए उनकी सीमाओं में बदलाव किया गया जिससे ओबीसी को दिया जाने वाला आरक्षण प्रभावित हुआ। इससे पूर्व भाजपा नेताओं ने प्रदेश मंत्री आशीष दुबे का स्वागत किया, पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक संदीप जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री चेतन हिंदूजा, जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय, मृदुल द्विवेदी, दीपक सोनी, जिला कार्यालय मंत्री अम्बरीश वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला, जिला मंत्री अंकिता तिवारी, सह कार्यालय मंत्री यज्ञदत्त मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# जिस योजना में सीएम की सीधी नजर वहां मजदूरों को मजदूरी भी नहीं

## बरगी व्यपवर्तन योजना में लगे कामगारों को 4 माह से पगार नहीं

**कटनी।** नर्मदा नहर की समीक्षा सीएम शिवराज सिंह खुद कर रहे हैं। कटनी दौरा के दौरान सीएम खुद जाकर के टनल का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से बातचीत करते हुए कार्य में गति लाने के निर्देश दिए थे। हड़ताल के दौरान पहुंचे एक अधिकारी ने खुद स्वीकार किया कि मुख्यमंत्री हर 15 दिन में नहर निर्माण की समीक्षा कर रहे हैं। सतना तक पानी पहुंचाने कह रहे हैं, इसके बाद भी इस योजना में काम करने वाले मजदूरों के साथ मनमानी हो रही है। बरगी व्यपवर्तन योजना के माध्यम से नर्मदा नदी का पानी विंध्य क्षेत्र के सतना, रीवा सहित कटनी के डेढ़ लाख किसानों को पानी पहुंचाने की योजना र काम हो रहा है। 2023 तक यह काम पूरा होना है, लेकिन अभी 70 फीसदी के आसपास ही काम पूरा हो गया है। सरकार की इतनी बड़ी योजना जो जो मजदूर खून-पसीना बहाकर जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं उनके साथ लगातार मनमानी हो रही है। डाउन स्ट्रीम खिरहनी में रॉबिंस कंपनी द्वारा काम कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 212 मजूदरों को 4 माह से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। वेतन का भुगतान न होने से मजदूरों के भूखे मरने की नौबत आ आ गई है। मजदूरों का कहना है कि परिवार का भरण-पोषण करना बड़ा मुश्किल हो गया है, लेकिन कंपनी द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। भुगतान न होने से बुधवार को कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा और बिफर गए। कर्मचारियों ने काफी देर तक प्रदर्शन किया, लेकिन जब बात नहीं बनी तो बताया जा रहा है कि आंदोलन को और उग्र कर दिया। मजदूरों की आक्रोशित भीड़ ने कंपनी की बिजली ही बंद कर दी और पानी को भी छोड़ दिया। जब इतने भी बात नहीं बनी तो पूरे कार्यालय में ताला जड़ते हुए समस्या का निराकरण कराने नारेबाजी करने लगे।



### मौके पर पहुंची पुलिस व एनवीडीए के अधिकारी

सूचना मिलते ही नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण (एनवीडीए) के अधिकारी हरकत में आए और मौके पर पहुंचे। स्लीमनाबाद थाना से पुलिस भी पहुंची और मोर्चा संभाला। बता दें कि सलैया फाटक के समीप टनल खुदाई का काम 2008 में शुरू हुआ था। 40 माह में बनने वाली टनल 14 साल में भी बनती नहीं दिख रही है। 12 किलोमीटर की खुदाई होना है, इसमें लगभग 8 किलोमीटर की खुदाई होना बताया जा रहा है।



## मजदूरों के साथ हो चुका है बड़ा हादसा

12 फरवरी को कंपनी द्वारा असुरक्षित तरीके से मजदूरों से कार्य कराने का भी गंभीर मामला सामने आ चुका है। टनल में लगी भारी भरकम मशीन की रिपेयरिंग के लिए खुदाई के बाद कॉक्रीट पड़ रहा था, तभी वह धसक गया था। आधा दर्जन से अधिक मजदूर दब गए थे। दो मजदूरों की दबने से मौत हो गई थी, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कंपनी में मजदूरों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ तो हो ही रहा है, साथ ही समय पर वेतन-मजदूरी भी नहीं दी जा रही।

## स्टेशन के नल उगल रहे खौलता जल

**कटनी।** कटनी रेलवे स्टेशन में पेयजल के कारण यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म में पेयजल की आपूर्ति के लिए लगाए गए नल गर्म पानी दे रहे हैं। शीतल पेय की आस में यात्री पानी तो भरते हैं लेकिन यात्रियों को नलों से पानी मुंह में डालने लायक भी नहीं रहता। मजबूरी बस लोग बोतल बंद पानी लेते हैं तो 20 में पानी की बोतल खरीदनी पड़ रही, जबकि इन बोतलों का प्रिंट रेट रुपये 15 है। बीते दिनों रेलवे द्वारा निवार स्टेशन के समीप हिरण नदी पर बने पुल पर ब्लाक लेकर काम कराया जा रहा था। जिसके चलते मुंबई-एलटीटी सुपरफास्ट ट्रेन को कटनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक पांच पर करीब डेढ़ घंटे से रोका गया है। डेढ़ घंटे तक ट्रेन खड़े होने के कारण गर्मी में एक ओर जहां यात्रियों को परेशानी हुई वही प्लेटफार्म पर लगे नलों में पानी ना मिलने से यात्री हलाकान हो गए। यात्री हाथों में पानी की खाली बोतल लेकर प्लेटफार्म में यहां-वहां भटकते दिखाई दिए। प्लेटफार्म पर पानी ना रहने पर वेंडर्स व स्टॉल संचालकों ने जमकर चांदी काटी ।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 13 से
दोपहर 12.30 एवं 2.45 बजे से




MULTIVERSE OF MADNESS (हिंदी में)
कलाकार- एलिजाबेथ ओलसेन, बेनेडिक्ट वोंग, माईकल स्टुबर्ग, रचेल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार चौथा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 13 से
सायं 7 एवं रात्रि 10 बजे से




KGF CHAPTER-2 (हिंदी में)
कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 6 शो ता. 13 से
12, 2.15, 4.30, 5, 7.30 एवं रात्रि 9.45 बजे से




जयेशभाई जोरदार
कलाकार- रणवीर सिंह, शालिनी पाण्डे, दीक्षा जोशी, बोमन ईरानी आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यश भारत

# सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, शनिवार, 14 मई 2022

## सालों से नहीं हुई आनंद बिहार कॉलोनी के नाले की सफाई

कॉलोनी का माहौल हुआ बदबूदार, संक्रामक बीमारियों का मंडरा रहा खतरा



**कटनी। नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले मदन मोहन चौबे वार्ड के अंतर्गत आनंद बिहार कॉलोनी से सटकर बहने वाले नाले की सालों से सफाई नहीं हुई है। सफाई के अभाव में नाले में गंदगी का साम्राज्य हो गया है। आलम यह है कि आनंद बिहार कॉलोनी में रहने वाले वाशिंदों का जीना दुश्वार हो रहा है। पूरी कॉलोनी का माहौल बदबूदार होने से यहां संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। इसके बावजूद निगम प्रशासन कुंभकर्णी निद्रा में है।**

क्षेत्र के निवासी वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री भोलाबाबू ने बताया कि कॉलोनी से सटकर एक नाला बह रहा है। जो कि कई जगह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। इस नाले की सफाई के लिए नगर निगम प्रशासन को कईयों बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों ने इस ओर आज तक ध्यान नहीं दिया। एक तरफ नगर निगम प्रशासन पूरे शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सफाई अभियान संचालित कर रहा है और नाले-नालियों की सफाई की खबरें हर दिन अखबारों में प्रकशित हो रही है तो वहीं दूसरी तरफ शहर की घनी आबादी वाले इलाके से होकर गुजरे नाले की सफाई की तरफ नगर निगम प्रशासन का ध्यान ही नहीं है। हर साल टैक्स के रूप में भारी भरकम राशि वसूल करने के बाद भी नगर निगम का स्वच्छता विभाग नाले की सफाई के प्रति उदासीन नजर आ रहा है। क्षेत्र के नागरिकों का साफ कहना है कि ऐसा लगता है कि नगर निगम का स्वच्छता अभियान केवल फोटोबाजी तक ही सीमित होकर रह गया है।

**नगर निगम के स्वच्छता अभियान की यहां खुल रही पोल**

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए शहर में आने वाली अधिकारियों की टीम को सब कुछ अच्छा दिखाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन शहर से लगे इलाकों में सफाई के प्रति अफसर रूचि नहीं ले रहे। क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि नाले की सफाई के लिए यदि नगर निगम ने ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में कॉलोनी के नागरिक आंदोलन के लिए बाध्य हो सकते हैं। लोगों ने कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम प्रियंक मिश्रा का ध्यान इस ओर दिलाते हुए नाले की सफाई के निर्देश दिए जाने की मांग की है।

## नवजात शिशु मृत्यु दर कम करने एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला कल

**कटनी।** भारतीय शिशु चिकित्सा विज्ञान अकादमी कटनी ब्रान्च अध्यक्ष डॉ. अशोक चौदहा, सचिव डॉ. अमित साहू, कार्यक्रम सचिव डॉ. नीलम सोनी, को-आर्डिनेटर डॉ. सोनिका माखीजानी के अनुसार राष्ट्रीय शिशु चिकित्सा विज्ञान अकादमी एवं नवजात शिशु फोरम द्वारा कल 15 मई को होटल अरन्दिम में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के मुख्यातिथ्य में किया गया है। जिसमे प्रदेश के विभिन्न जिलों से 50 शिशु रोग विशेषज्ञ एवं पैरा मेडीकल विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। कार्यशाला में नवजात शिशु रिसीटेशन का प्रशिक्षण देने 10 प्रशिक्षक पहुंच रहे हैं, जिसमे आईएपी के स्टेट को-आर्डिनेटर, प्रो. डॉ. अशोक रावत एवं डॉ. आनंद केतकर शामिल हैं। डॉ. अशोक चौदहा ने बताया कि प्रदेश में प्रति एक हजार जन्म लेने वाले बच्चों में 36 बच्चों की मृत्यु एक माह के पूर्व हो जाती है, जबकि राष्ट्रीय मृत्यु दर कम है। प्रदेश के 12 जिलों में कटनी भी शामिल है, जहां नवजात शिशु मृत्यु दर प्रदेश की औसत मृत्यु दर से ज्यादा है। नवजात शिशु में होने वाली मृत्यु का 30-40 प्रतिशत मृत्यु का कारण जन्म के समय सांस लेने में होने वाली समस्या है। यह बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक विकलांगता का कारण बनता है। न्यूनेटल रिससिटेसन प्रोग्राम एनआरपी के माध्यम से प्रसव केन्द्र में काम करने वाले वर्कर को प्रशिक्षित कर इस मृत्यु एवं विकलांगता को रोका जा सकता है एवं नवजात शिशु म्रत्यु दर कम की जा सकती है। जन्म के तत्काल बाद एक मिनिट का समय गोल्डन पीरियड माना जाता है। नवजात शिशु की एक मिनिट के अंदर श्वसन क्रिया कैसे शुरू की जाए, इसका प्रशिक्षण लेने के बाद प्रशिक्षणार्थी अपने जिलो में प्रसव केन्द्रों में काम करने वाले फील्ड वर्कर को प्रशिक्षित करेंगे व गोल्डन एक मिनट का महत्व समझाएंगे।

## मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हो रहे सावरकर वार्ड के वाशिंदे

### टेंडर होने के बाद भी वर्क ऑर्डर जारी नहीं किया नगर निगम ने



**कटनी। नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले सावरकर वार्ड के वाशिंदे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। यहां पिछले पांच सालों में न तो सड़क का निर्माण कराया गया है और न ही प्रकाश की उचित व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पेयजल आपूर्ति भी नहीं हो रही है। गर्मी के मौसम में जब लोगों को पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है, तब इसको लेकर नगर निगम का रवैया उदासीन बना हुआ है। सड़क, पानी और बिजली के अभाव में क्षेत्र के नागरिक कई तरह की परेशानियों का सामना कर रहे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों ने सत्तापक्ष के एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि पर टेंडर होने के बाद भी काम नहीं होने के लिए नगर निगम के अधिकारियों पर दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा से जनसुनवाई में शिकायत की है। नागरिकों का कहना है कि नगर निगम प्रशासन ने भी क्षेत्र में विकास कार्यों के प्रति ध्यान नहीं दिया।**

क्षेत्र के नागरिक अंतिम गुप्ता, सुनील मिश्रा, सीमा गुप्ता, मोना मिश्रा एवं आदित्य राय आदि ने यश भारत को दी गई एक शिकायत में बताया कि नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 12 सावरकर वार्ड में डॉ. पूनम बजाज के हॉस्पिटल के पास पिछले नगर परिषद कार्यकाल में विकास के एक भी काम नहीं हुए हैं। यहां के निवासी अंतिम गुप्ता के मकान तक सीसी रोड, विद्युत पोल एवं पानी की पाइप लाइन स्वीकृत होने के बाद भी आज तक कार्य नहीं हुआ है। बताया जाता है कि इन कार्यों के नवम्बर 2020 में टेण्डर हुआ था और दिसम्बर 2020 में कार्यादेश भी जारी किया गया था। जिसका भूमिपूजन मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस ग्राउण्ड झिंझरी में सामूहिक रूप से किया गया था लेकिन यह कार्य आज भी पूरे नहीं हुए हैं। जिसके चलते 4 अप्रैल 2022 को ठेकेदार को टर्मिनेट किया गया लेकिन न तो संबंधित इंजीनियर और न ही ठेकेदार पर कार्यवाही की गई, इसके साथ ही पुनः टेन्डर भी आमंत्रित नहीं किया गया। बताया जाता है कि विगत 9 जुलाई 2021 को विद्युत पोल का टेंडर हुआ परंतु ठेकेदार को आज तक कार्यादेश जारी नहीं किया गया। इसी तरह पानी की पाइन लाइन डाले लगभग डेढ़ वर्ष बीत चुके हैं लेकिन मेन लाइन से नहीं जोड़ा गया। क्षेत्रवासियों द्वारा रोड के लिये 12 अप्रैल 2021 से लगातार सीएम हेल्पलाइन 181 में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत की स्थिति एल फोर पर आज भी लंबित है। परेशान नागरिकों ने कलेक्टर को जनसुनवाई में शिकायत दी परन्तु उपरोक्त कार्य आज तक नहीं हो पाया है। सावरकर वार्ड के नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते नगर निगम प्रशासन द्वारा यहां विकास कार्य नहीं कराए जाते हैं तो अगले कुछ दिनों में क्षेत्र के नागरिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

**सड़क, पानी और बिजली का अभाव, क्षेत्रवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी**





## किसान जागरूकता को लेकर कार्यक्रम

**विजयराघवगढ।** किसानों को खेती के संबंध में जागरूक करने समय-समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस विजयराघवगढ़ तहसील में किसान जागरूकता को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्रीय जागरूक किसानों गुड्डू बड़गैंया, सोमनाथ मिश्रा, प्रेमलाल केवट, सन्तोष तिवारी, गोपाल ताम्रकार की उपस्थिति रही।

## शिक्षकों ने निभाया माता-पिता का फर्ज, गरीब कन्या का कराया विवाह

रीठी जनपद शिक्षा केन्द्र के शिक्षकों ने मुहांस शिव मंदिर में शादी समारोह का किया आयोजन

**कटनी।** बिटिया के हाथों में रची मेंहदी, विवाह के गूंजते गीत और बारातियों का स्वागत कर माता-पिता का फर्ज निभाते शिक्षक। यह नजारा कल रीठी के मुहांस शिव मंदिर में देखने को मिला, जहां पर एक गरीब कन्या का विवाह धूमधाम से उसके परिवार ने नहीं, बल्कि क्षेत्र के शिक्षकों ने कराया। युवती की बारात का स्वागत करने के साथ ही संपूर्ण खर्च शिक्षकों ने वहन किया और बेटी को विदा करते हुए उसे गृहस्थी का सामान भी उपहार के रूप में भेंट किया। रीठी के भदनपुर गांव निवासी वंदना भूमिया के पिता की मृत्यु हो गई थी और मां छोड़कर चली गई। उसके साथ उसकी एक और छोटी बहन है और दोनों का लालन-पालन वृद्ध दादा खुशाली भूमिया कर रहे थे। खुशाली की परिस्थिति ऐसी नहीं थी कि वे अपनी नातिन का विवाह धूमधाम से कर पाते। इस बात की जानकारी जनशिक्षा केन्द्र बड़गांव के शिक्षकों को लगी, जिसके बाद सभी ने मिलकर बेटी का विवाह करने का निर्णय लिया। खुशाली ने वंदना का विवाह खम्हरिया जिला पन्ना निवासी धमेन्द्र भूमिया के साथ तय किया और शिक्षकों ने मिलकर जनशिक्षक विपिन तिवारी के संयोजन में 13 मई को मुहांस शिव मंदिर में विवाह समारोह का आयोजन किया। मंदिर परिसर में जनशिक्षा केन्द्र बड़गांव के साथ ही अन्य स्कूलों के शिक्षकों ने भी समारोह में पहुंचकर सहयोग प्रदान किया। खम्हरिया से आई बारात का स्वागत शिक्षकों ने परिजनों के साथ किया और उसके बाद विवाह की सभी रस्में भी माता-पिता बनकर पूरी कराई। विवाह गीतों से मंदिर परिसर गूंजता रहा और शाम को गृहस्थी का सभी समान देकर वंदना को विदा किया गया। इस दौरान बीआरसी देवी सिंह ठाकुर, जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर, कृष्ण कुमार गुप्ता, अशोक विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार गुप्ता, प्रदीप खर्द, सुशील पाठक, अशोक सेन, रामस्वरूप पांडे, दशरथ पटेल, सोनेलाल पटेल, मिल्लू लाल चक्रवर्ती, मनोज पाटकर, गायत्री लोधी, दिनेश दुबे, सुनील दुबे, रामराज लोधी, मुस्ताक खान, बलिराम राय, भारत लोधी, डॉ आशीष विश्वास, विंजन सेन, मोहन पाठक, मुकेश विश्वकर्मा, सुरेश महोबिया, जमीर खान, स्वरूप लाल चौधरी उपस्थित रहे।






## जबलपुर की तर्ज पर होगा कटनी स्टेशन का सौन्दर्यीकरण



**प्रशासन, रेलवे और आपीएफ की संयुक्त बैठक में लिया गया निर्णय**

**कटनी।** जबलपुर की तर्ज पर कटनी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया का सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है। इसको लेकर विगत दिवस कटनी रेलवे स्टेशन में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसके उपरांत रेलवे के अधिकारियों ने प्रशासन के अधिकारियों के साथ स्टेशन के बाहरी परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान व्हीआईपी रोड से लेकर सर्कुलेटिंग तक निरीक्षण कर अधिकारियों ने कार्य की रूपरेखा पर चर्चा की। जानकारी के मुताबिक बैठक में निर्णय लिया गया कि स्टेशन परिसर में एग्जिट और एंट्रेन्स एरिया अलग अलग किया जाएगा। बरही रोड से अंदर आकर स्टेशन में गो एंड ड्राप करके और एयरपोर्ट की तर्ज पर सौन्दर्यीकरण का विस्तार किया जाएगा। इसके अलावा स्टेशन में निर्मित मंदिर को जनप्रतिनिधियों से वार्तालाप करते हुए स्थान देने के संबंध भी बात की गई। बैठक में असिस्टेंट कमाडेंट आरपीएफ, रेलवे इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिक अधिकारियों, अपर कलेक्टर रोमानुज टोप्पो, एसडीएम, तहसीलदार शहरी एवं ग्रामीण तथा नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, इंजीनियर राकेश शर्मा, दोनों विभागों के अधिकारियों, रेलवे क्षेत्रीय प्रबंधक प्रिंस विक्रम, स्टेशन प्रबंधक संजय दुबे, सीसीआई एच के शुक्ला, स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य नावेद सिद्दकी सहित सीसीआई एवं अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



कटनी। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले बहोरीबंद में धरना प्रदर्शन कर भीषण जल संकट, भ्रष्टाचार, विद्युत कटौती, महंगाई एवं पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देते समय ब्लॉक अध्यक्ष अजय गर्ग, स्लीमनाबाद ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता के एल जैन, पूर्व विधायक निशिथ पटेल, नरेंद्र पौराणिक, नरेंद्र सैनी, विनोद बर्मन, गणेश नारायण गुप्ता, सादिक खान, दीपक तिवारी बूथ प्रबंधन अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, अभिषेक दुबे, राहुल सिंह, पंकज पांडे, सुमित, विजय पटेल आदि सैंकड़ों उपस्थित रहे।

## छात्रों को समझाई ई-प्रवेश प्रक्रिया

बड़वारा महाविद्यालय में कॉलेज चलो अभियान का आयोजन



**कटनी।** शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सत्र 2022-23 की ई-प्रवेश प्रक्रिया के लिए कॉलेज चलो अभियान 2 मई से 15 मई तक चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के क्षेत्राधिकार में आने वाले विभिन्न विद्यालय जैसे शासकीय जवाहर नवोदय विद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को ई-प्रवेश प्रक्रिया, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, महाविद्यालय में संचालित हितग्राही योजनाएं एवं छात्रवृत्ति, महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं कैरियर के अवसरों की जानकारी दी गई, साथ ही साथ विद्यालयों के प्राचार्य को ई-प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित पुस्तिका नई शिक्षा, नई उड़ान प्रदान की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राधेश्याम त्रिपाठी के निर्देशन में नोडल अधिकारी ई-प्रवेश प्रक्रिया डॉ रोशनी पाण्डेय, डॉ राम नरेश वर्मा, डॉ राजेश कुमार, मुकेश झारिया, अभिषेक नागवंशी एवं संजय बर्मन द्वारा कॉलेज चलो अभियान सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति,
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए -
5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने,
जबलपुर रोड बरगवां,
कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी म.प्र.**

क्रमांक/398/प्रवा.वि.अधि./2022 कटनी, दिनांक 10/05/2022

द्वितीय अनुसूची (धारा 5 देखिये) विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ग्लेडविन रूबिन आ. ज्ञान प्रकाश रूबिन (आविवाहित) साकिन एमआईजी-2/262, मानसरोवर कालोनी, माधवनगर, संत कंवर राम वार्ड, मुड़वारा जिला कटनी म.प्र. पिन कोड 483504 एवं आवेदिका रमोला सिंह पिता श्री नथ नियाल कुमार सिंह (आविवाहित) साकिन 140 पानी की टंकी मंगल नगर मुड़वारा तह. व जिला कटनी म.प्र. पिन कोड 483501 द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/-रूपये चालान क्रमांक 051/99999999/0029/04/22/045685 दिनांक 13/04/2022 को ऑनलाईन चालान के माध्यम से जमा कर चालान की मूल प्रति एवं अंक सूची, आधार कार्ड सहित समक्ष में उपस्थित होकर विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदन पर आवेदक /आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1984 की धारा-5 तहत विवाह रजिस्ट्रेशन होना आशियत है। यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/एतराज/दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से 30 दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक 10/06/2022 को पूर्वान्ह तक स्वयं या अपने अभिभाषक/प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। **आगामी तिथि- 10/06/2022**

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-कटनी (म.प्र.)**

From 13th May 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Tuesday Offer 99/99/200
paytm
bookmyshow



| | |
|---|---|
| Jayeshbhai Jordaar | 10:00 AM, 12:15 PM, 3:15 PM, 4:00 PM 6:15 PM, 9:15 PM, 10:00 PM |
| Doctor Strange 3D | 6:30 PM, 9:00 PM |
| Runway 34 | 12:00 PM, 3:00 PM |
| KGF | 12:30 PM, 6:00 PM |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc. नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर





# 45 हजार परिवारों को वनोपज से मिला रोजगार

## 30 समितियों के माध्यम से जिले में हो रही तेंदूपत्ता की खरीदी, कई प्रदेशों में है कटनी जिले के वनों से टूटे तेंदूपत्ता की मांग

**कटनी।** तेंदूपत्ता वनोपज के माध्यम से संग्राहकों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने राज्य सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण की दर में बढ़ोत्तरी की है ताकि संग्राहकों को सीधे लाभ मिल सके। दर में वृद्धि करने से संग्राहकों में भी खुशी है। कटनी जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण के माध्यम से 45 हजार संग्राहकों के एक लाख 26 हजार 866 परिवारिक सदस्यों का जीवन खुशहाल हो रहा है। जिले में 5 मई से वन उपज समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता की खरीदी की जा रही है और हर साल करोड़ों रूपये का भुगतान संग्राहकों को किया जा रहा है। इसके अलावा वनोपज से होने वाली आय के लाभांश का हिस्सा भी संग्राहकों तक पहुंचाने का कार्य वन विभाग कर रहा है। वन संरक्षक आरसी विश्वकर्मा ने बताया कि जिले के जंगलों में पैदा होने वाले तेंदूपत्ता की डिमांड प्रदेश के साथ ही दूसरे प्रदेशों में भी है और यही कारण है कि हर साल ठेकेदार समितियों से सीधे अनुबंध कर लेती हैं और तेंदूपत्ता की सीधी खरीदी करती हैं। इस साल जिले में 30 समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता की खरीदी का कार्य जिले भर में किया जा रहा है। 30 समितियों में से 27 समितियों से सीधे ठेकेदार खरीदी कर रहे हैं जबकि तीन समितियों से तेंदूपत्ता की खरीदी विभागीय स्तर पर हो रही है। जिले में इस साल मध्यप्रदेश के साथ ही उत्तरप्रदेश और तेंलगाना की कंपनियों ने सीधे खरीदी के लिए अनुबंध किया है।

### 37 सौ मानक बोरा का रखा गया है लक्ष्य

इस साल जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए 37 सौ मानक बोरा का लक्ष्य तय किया गया है और उसके माध्यम से संग्राहकों को 11 करोड़ 33 लाख रूपये का भुगतान किया जाना है। जिसमें से अभी तक 16 हजार 521 मानक बोरा संग्रहण हो चुका है और 25 जून तक संग्रहण का कार्य जारी रहेगा।

### 3000 रूपये मानक बोरा की मान से होगा भुगतान

तेंदूपत्ता संग्राहकों को इस साल प्रदेश सरकार ने प्रति मानक बोरा 500 रूपये अधिक देने की घोषणा की है। जिसके आदेश जारी हो चुके हैं और जिले में भी इस साल 250 रूपये प्रति सैकड़ा तेंदूपत्ता के स्थान पर 300 रूपये प्रति सैकड़ा का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा लाभांश का वितरण भी शासन के निर्देशानुसार संग्राहकों को किया जाएगा।

# सौर ऊजा से रोशन हुईं बंडा गांव की गलियां



कभी छाया रहता था अंधेरा, सांसद के गोद लेने के बाद बदली तस्वीर

**कटनी।** सांसद आदर्श ग्राम बंडा की अंधेरी गलियां अब सौर ऊर्जा की रोशनी से जगमगाने लगी हैं। यह सब संभव हुआ है कटनी खजुराहो संसदीय क्षेत्र के सांसद व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा के प्रयासों से। 1600 से अधिक आबादी वाले बंडा गांव की सड़क और गलियों में रोशनी की व्यवस्था हो जाने से ग्रामीणजन काफी खुश हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर सांसद श्री शर्मा ने बंडा ग्राम को सांसद आदर्श ग्राम के रूप में गोद लेकर यहां समग्र विकास का संकल्प लिया है। बंडा में विकास के अन्य कार्यों के साथ-साथ सांसद ने रात में यहां ग्रामीणों को आने-जाने में सहूलियत मुहैया कराने के उद्देश्य से अपनी सांसद विकास निधि से बंडा ग्राम के लिए 15 सौर ऊर्जा चलित लाइटों की स्वीकृति प्रदान की थी। अब इन सौर ऊर्जा लाइटों के लग जाने से गांव की सड़कों व गलियों में रात में भी दिन की तरह उजाला रहता है। ग्रामीणों ने सांसद श्री शर्मा की इस पहल की मुक्त कंठ से सराहना की है। बंडा निवासी हीरामणी हल्दकार का कहना है कि रात को खेतों से घरों तक आने में अंधेरे के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता था लेकिन सांसद की पहल के कारण अब रात को आने-जाने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। गांव के ही नारायण प्रसाद हल्दकार ने भी गांव को सौर ऊर्जा से रोशन करने के लिए सांसद श्री शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# स्ट्रीट लाइट बंद होने से चोर उचक्कों की सक्रियता बढ़ी

### अपेक्षित सुधार हेतु निगम प्रशासन को लिखा गया पत्र


**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र एनकेजे के बाबू जगजीवन राम वार्ड, उड़िया मोहल्ला के पीछे स्थित प्राइवेट जैन कॉलोनी में कतिपय खंभों की स्ट्रीट लाइट विगत एक पखवाड़ा से बंद रहने से समूचे मोहल्ले में रात्रि होते ही अंधेरा छा जाता है। इस सन्बन्ध में बताया गया है कि इसकी सूचना नगर निगम को देने के बावजूद भी कोई जवाबदार अधिकारी व कर्मचारी द्वारा यहां निवासरत बाशिंदों की बुनियादी हित से जुड़ी समस्या के निराकरण की दिशा में आज पर्यन्त तक कोई खोज खबर नहीं ली गयी। पूरी रात स्ट्रीट लाइट बंद रहने से इन दिनों यहां चोर उचक्के मानो अपनी सक्रियता बढ़ा दिये हैं। क्षेत्रीय शिक्षक समाज सेवक मार्तण्ड सिंह राजपूत, टीके दास, सपन श्रीवास्तव, विक्रांत श्रीवास्तव, कमलेश तिवारी, उमेश पासवान, राजेश श्रीवास्तव, चेतन, मंगल विश्वकर्मा, केपी विश्वकर्मा, राजेश सराठे, रमेश सराठे, सुरेश श्रीवास्तव, मिलिंद इंगले, महावीर डब्बू ठाकुर सहित अनेकों क्षेत्रीय रहवासियों ने नगर निगम प्रशासन से किसी अनहोनी घटना घटने के पूर्व सभी खंभों की स्ट्रीट लाइट में आपेक्षित सुधार कराने की जरूरत प्रतिपादित किये हैं। समाज सेवकों द्वारा आश्चर्य व्यक्त करते हुये आरोप लगाया गया है कि बिजली पानी जैसी महत्वपूर्ण बुनयादी समस्याओं के निराकरण में नगर निगम का नजरअंदाज और गैर. ज़िम्मेदारना रवैया सभी के समझ से परे है। सभी के द्वारा यथाशीघ्र एक बार पुनः आयुक्त नगर निगम सहित जिले के जन हितेषी कलेक्टर से स्ट्रीट लाइट में आवश्यक सुधार का अनुरोध किया गया है।





# 52 लाख रुपये मूल्य की शासकीय भूमि से हटाये गये अतिक्रमण

**कटनी।** जिले में शासकीय भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। गुरुवार को बड़वारा तहसील अंतर्गत विलायतकला में 52 लाख रुपये से अधिक मूल्य की भूमि से कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई है। विलायतकला के खसरा नंबर 448 रकवा 0.02 हैक्टेयर में बाल्मीक उर्फ बबलू रजक ग्राम रमगढ़ा, खसरा नंबर 148 में 5 गुना 18 वर्गफुट भूमि में अब्दुल हाफिज और विलायतकला के खसरा नंबर 498 के रकवा 40 गुना 15 वर्गफुट पर मोहम्मद इशहाक, पंकज पाण्डेय द्वारा दुकानें बनाई गई थीं। इसके अलावा मास्टर दास बैरागी द्वारा विलायतकला के खसरा नंबर 498 में दो दुकानें और खसरा नंबर 106 के रकवा 0.99 में जहांगीर, पुरुषोत्तम चौधरी और दयाली चौधरी द्वारा कब्जा किया गया था। इस संबंध में अतिक्रमणकारियों को राजस्व विभाग द्वारा नोटिस देते हुये बेदखली आदेश भी जारी किये गये थे। लेकिन संबंधितों के द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया। गुरुवार को राजस्व और पुलिस अमले की संयुक्त कार्यवाही के दौरान सभी संबंधित भूमियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्यवाही की गई। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई शासकीय भूमि का बाजार मूल्य 52 लाख 2 हजार 600 रुपये हैं। इस दौरान प्रभारी तहसीलदार मनीश शुक्ला, निरीक्षक विपिन सिंह, बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा सहित राजस्व व पुलिस का अमला मौजूद रहा।



## 16 मई को बांधा मंदिर में सजेगा फूल बंगला

**कटनी।** श्री राधा कृष्ण मंदिर लघु वृन्दावन धाम बांधा में 16 मई सोमवार को बैसाख पूर्णिमा के अवसर पर भगवान मुरली मनोहर एवं प्रेम वात्सल्य स्वरूपा राधा रानी का पुष्प श्रृंगार सहित फूल बंगला सजेगा। सांय 7.30 बजे भगवान की भव्य महाआरती एवं ऋतु अनुसार भोग प्रसाद वितरण होगा। साथ ही सायं 5 बजे ग्राम बांधा इमलाज के छात्र,छात्राओं जिन्होंने 10वीं, 12वीं की वार्षिक परीक्षा में प्रवीण्यता के साथ सफलता प्राप्त की है उनका एवं उनके अभिभावकों का अभिनंदन किया जाएगा। श्रीराधा कृष्ण सेवा समिति के रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी, महेश पाठक, सीताराम मिश्रा, सत्येन्द्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पाण्डे, पप्पू पाठक, उमेश पाठक, श्याम मिश्रा, बड्डू सिंह ठाकुर, श्रीष गौतम आदि ने धर्म प्रिय जनों से मंदिर पधारकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

# कॉलेज चलो अभियान के लिए 21 टीमों का गठन





**कटनी।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व अकादमिक सत्र 2022-23 में महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए कॉलेज चलो अभियान चलाया जा रहा है। इस संदर्भ में शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. गुप्ता के मार्गदर्शन में शहर के अंदर एवं शहर के बाहर स्थित विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से सम्पर्क हेतु 21 टीम का गठन किया गया है। महाविद्यालय के प्राध्यापकों, सह-प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों एवं स्ववित्तीय अतिथि विद्वानों के द्वारा विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में जाकर प्रवेश प्रक्रिया, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, महाविद्यालय में उपलब्ध पाठयक्रम एवं सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका नई शिक्षा नई उड़ान प्रवेश प्रक्रिया एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित पी.पी.टी., महाविद्यालय के पाठ्यक्रम एवं अन्य सुविधाओं से संबंधित पम्पलेट भी सौंपे जा रहे हैं। अब तक महाविद्यालय के शिक्षकों के द्वारा सेंट पाल, दिगंबर जैन, सरस्वती शिशु मंदिर, गुलाब चंद, के.सी.एस., बार्डस्ले, डी.पी.एस., सायना इंटरनेशनल, उत्कृष्ट विद्यालय आदि उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में जाकर सम्पर्क किया जा चुका है। 12 मई को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. गुप्ता ने जिला शिक्षा प्राधिकारी पी.पी. सिंह से सम्पर्क कर प्रवेश प्रक्रिया एवं कालेज में उपलब्ध पाठयक्रम व सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय में योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा विषय में सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स जैसे रोजगारोन्मुखी कोर्स भी प्रारंभ किए जा रहे हैं जिससे छात्राओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

### स्कूलों में जाकर छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करेगा गर्ल्स कॉलेज का स्टॉफ



## आयुक्त नि:शक्तजन ने किया दृष्टि बाधिक बालिकाओं के आत्मसुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**कटनी।** मध्यप्रदेश सामाजिक समावेशन कार्यक्रम के अंतर्गत खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अल्प दृष्टि एवं पूर्ण दृष्टि बाधित बालिकाओं का आत्म सुरक्षा पर प्रशिक्षण का शुभारंभ कटनी जिले के मॉडल स्कूल में किया गया। जिसमें 20 बालिकाओं ने अपनी सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ निःशक्तजन आयुक्त संदीप रजक जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग संस्कृति शर्मा, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, जिला खेल अधिकारी विजय भार, शिक्षा विभाग से एपीसी अनिल त्रिपाठी, पुलिस विभाग से आरआई लवली सोनी एवं टीआई मंजू शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में दिल्ली से आए अरविंद खेर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री रजक द्वारा सभी बालिकाओं को मार्गदर्शन दिया गया और बताया गया कि अभी यह शुरुआत है हम और साईटसेवर्स मिलकर सभी बालिकाओं के लिए आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण करेंगे और सामाजिक न्याय विभाग की बहुत सारी योजनाएं हैं, उनका लाभ सभी दिव्यांगों को दिया जायेगा। साइट सेवर की ओर से भोपाल से प्रोग्राम अधिकारी मीनाक्षी पटेल, कटनी के परियोजना समन्वयक मोहित पहलवान, भावना सिंह, मनोज कहार एवं प्रदीप मिश्रा उपस्थित रहे।



## पक्षियों के लिये बारडोली परिसर के पेड़ों पर बांधे सकोरे

**कटनी।** बारडोली जनकल्याण एवं विकास समिति द्वारा संचालित बारडोली महाविद्यालय परिसर में स्थित सभी पेड़ों पर सकोरे की व्यवस्था की गयी जिससे पक्षियों को गर्मियों के इस मौसम में पक्षियों को पानी आसानी से उपलब्ध हो सके। इस पुनीत कार्य में महाविद्यालय के स्टॉफ सहित छात्र-छात्राओं ने भी अपना सहयोग प्रदान किय। छात्र-छात्राओं ने प्रतिदिन इन सकोरों में पानी भरने का दायित्व लिया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. रागिनी सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। जिसमें राकेश गुप्ता, सनिता जैन, संगीता जाटव, पवन दाहिया, मनोज प्यासी, दीपा नागदेव, विधि जैन, डॉ. नैनसी डायर, मनीषा सिंह चंदेल, गायत्री मंद्राह, शैलेन्दर बड़गैया, रजनीष उपाध्याय, लखन साकेत, स्मृति मौर्य, नीतू बर्मन, सोनम बर्मन आदि की उपस्थिति रही।

# रीठी में शिविर लगाकर किया शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण





**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिले में शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जिले के रीठी विकासखंड के शासकीय मॉडल स्कूल में खंड स्तरीय शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला शिक्षाधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने शिक्षकों की समस्याओं मौके पर ही निराकरण कराया।


शिविर में 12 शिकायतों का पंजीयन किया गया। जिसमें 8 शिकायतें संकुल और विकासखंड स्तर की थीं, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया। दो शिकायतें जिला स्तर व दो राज्य स्तर की थीं और उन्हें कार्रवाई के लिए भेजा गया। शिविर में विकास खंड शिक्षा अधिकारी अनिल चक्रवर्ती ने शिविर का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान व्याख्याता राकेश बारी, संकुल प्राचार्य अनूप सिंह ठाकुर, भारत सिंह ठाकुर, शिक्षक विपिन तिवारी, संतोष दुबे, संजय दुबे सहित अन्य प्राचार्य, शिक्षक उपस्थित थे।

# गला घोंटकर हत्या के बाद रेल लाइन के किनारे प्रेमी ने फेंक दी थी लाश

**माधवनगर पुलिस ने सुलझाई डेहरू लाइन से लापता होने के बाद उचेहरा स्टेशन के पास मिली किशोरी की लाश की गुत्थी**

### विधि विरूद्ध बालक सहित पांच गिरफ्तार

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत आयुध निर्माणी से लगे डेहरू लाइन क्षेत्र से लगभग एक माह से लापता एक नाबालिग किशोरी की कटनी-सतना रेलखंड पर उचेहरा स्टेशन के पास रेल लाइन के किनारे संदिग्ध अवस्था में लाश बरामद होने के मामले की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने नाबालिग किशोरी का अपहरण कर उसकी हत्या करने व साक्ष्य छिपाने के आरोप में किशोरी के दोस्त सहित उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि डेहरू लाइन क्षेत्र निवासी 17 वर्षीय शैली पिता शिवप्रसाद कोल शीशा बनाने वाली कंपनी में काम करती थी। शैली 12 अप्रैल को दिन में 11 बजे के लगभग घर से घूमने के लिए निकली तो फिर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने यहां वहां खोजखबर ली लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला तो सूचना माधवनगर पुलिस को दी। पुलिस ने शैली के नाबालिग होने के कारण अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई। इस दौरान परिजनों को पता चला कि सतना-कटनी रेलखंड के उचेहरा स्टेशन के पास रेल लाइन के किनारे एक किशोरी की लाश मिली है। जिसका लावारिस में कफन दफन भी करा दिया गया है। परिजन उचेहरा पहुंचे तो लावारिस लाश एक माह से लापता शैली की निकली। जिसके बाद परिजनों ने सतना एसडीएम से अनुमति लेकर लाश उखड़वाई और उसे लेकर कटनी पहुंचे। यहां उसका अंतिम संस्कार किया गया।


मृतिका का जीवित अवस्था का चित्र

### संदेही दोस्त के मिलने के बाद सुलझी गुत्थी

उधर इस मामले में परिजनों ने शीशा कंपनी में शैली के साथ काम करने वाले मैहर निवासी 20 वर्षीय शुभम पिता राजाराम दाहिया नामक युवक पर अपहरण व हत्या का संदेह व्यक्त किया था। पुलिस ने भी परिजनों के आरोपों को गंभीरता से लिया है और शुभम की तलाश शुरू कर दी। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई और शुभम पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जिसने पूछताछ में बताया कि वह शैली को लेकर मैहर गया। जहां किसी अन्य लड़के से संबंध होने की बात पर उसका शैली से विवाद हुआ और आक्रोश में आकर उसने गला घोंटकर शैली की हत्या कर दी। इसके बाद अपने दोस्तों क्रमशः 18 वर्षीय विक्कू उर्फ विकास पिता राजाराम दाहिया, हिमांशु उर्फ प्रियांशु पिता दयाराम दाहिया, 18 वर्षीय रामू उर्फ अमित पिता संतोष दाहिया सहित एक विधि विरुद्ध बालक की मदद से शैली की लाश को मोटर सायकल से लाकर उचेहरा में रेल लाइन के किनारे फेंक दिया। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 363, 302, 201, 34 के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### इनकी रही भूमिका

पुलिस अधीक्षक सुनील क़ुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में मामले की गुत्थी सुलझाने में माधवनगर थाना प्रभारी माधवनगर विजय कुमार विश्वकर्मा, उपनिरीक्षक सिद्धार्थ राय, नवीन नामदेव, पंकज शुक्ला, सहायक उपनिरीक्षक छेदीलाल सिंह, प्रधान आरक्षक नीलेश दुबे, आरक्षक सिद्धार्थ अग्निहोत्री, रवीन्द्र दुबे, छोटेलाल कोल, वीरेन्द्र दाहिया, अविनाश चौहान व महिला आरक्षक नीलम केशरवानी की भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को पुरूस्कृत करने की घोषणा की है।

## ओबीसी आरक्षण: प्रदेश सरकार को तत्काल बर्खास्त करें राज्यपाल

**कटनी।** ओबीसी आरक्षण के मुद्दे को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग ने प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपकर प्रदेश की बीजेपी सरकार को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा सरकार ओबीसी आरक्षण पूरी तरह से खत्म करना चाहती है। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने समय-समय जो निर्देश दिए, उसका कंप्लायंस नहीं किया गया और जो रिपोर्ट जमा की गई, वह भी अधूरी की गई। सरकार सिर्फभाषण में ओबीसी की हितैषी बनती है और जब जानकारी देने की बात आती है, तब तथ्यात्मक जानकारी नहीं देती है। सरकार चुनाव नहीं कराना चाहती है, इसीलिए मुद्दों को उलझाए रखना चाहती है। जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग ने ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राज्यपाल से निवेदन किया कि भाजपा सरकार की इस असफलता के कारण अन्य पिछड़ा वर्ग को जो नुकसान हुआ है, इसे देखते हुये तत्काल मप्र की भाजपा सरकार को बर्खास्त किया जाये। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरधारी लाल स्वर्णकार, राकेश जैन कक्का, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, मारूफ अहमद हनफी, विजय पटेल, रमेश सोनी, अज्जू सोनी, हितेन्द्र स्वर्णकार, सुधीर पटैल, विनीत जायसवाल, राजकिशोर यादव, आफताब अहमद, अजय कुमार गोटिया, पंकज गौतम, श्याम यादव सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी रही।



## बेलगाम स्कार्पियो हाइवे के किनारे निर्माणाधीन मकान की दीवार से टकराई

**राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर छपरा के समीप दर्दनाक हादसा**





**विवाह समारोह में शामिल होने विजयराघवगढ़ जा रहे जबलपुर के मिश्रा परिवार के एक सदस्य की मौत, तीन महिलाओं सहित चार गंभीर**

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर ग्राम छपरा में शुक्रवार की शाम बेलगाम स्कार्पियो कार अनियंत्रित होकर हाइवे के किनारे निर्माणाधीन दुकान की दीवार से टकरा गई। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि उसके सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कार में सवार एक 51 वर्षीय प्रौढ़ की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन महिलाओं सहित चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को नजदीकी सिहोरा अस्पताल में भर्ती किया गया है। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि जबलपुर के अधारताल थाना अंतर्गत जयप्रकाश नगर निवासी मिश्रा परिवार के सदस्य स्कार्पियो कार क्रमांक एम.पी.20सीई-6749 में सवार होकर कटनी जिले के विजयराघवगढ़ में रिश्तेदारी में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसीदौरान राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर ग्राम छपरा के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो कार अनियंत्रित होने के बाद हाइवे के किनारे निर्माणाधीन दुकान की दीवार से टकरा गई। जिसके कारण कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार जयप्रकाश नगर निवासी 51 वर्षीय बबलू उर्फ ब्रजेश पिता स्वर्गीय ईश्वरी प्रसाद मिश्रा की मौके पर ही दर्दनॉक मौत हो गई जबकि कार में सवार मिश्रा परिवार की संध्या मिश्रा, निशा मिश्रा, सुषमा मिश्रा व सदानंद तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चीखपुकार मची तो आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए और सूचना पुलिस को देने के साथ ही स्कार्पियो में फंसे घायलों को बाहर निकालकर एंबुलैंस की मदद से सिहोरा अस्पताल भिजवाया। जहां सभी घायलों को प्रारंभिक उपचार के बाद गहन उपचार के लिए जबलपुर रिफर कर दिया गया।

### स्टेयरिंग फेल होने से हुई दुर्घटना

एक जानकारी में बताया जाता है कि दुर्घटना स्टेयरिंग फेल होने के कारण हुई है। बताया जाता है कि स्कार्पियो जैसे ही छपरा हाईवे पर पहुंची वैसे ही उसका अचानक स्टेयरिंग फेल हो गया। जिससे वह लहराती हुई हाइवे के किनारे निर्माणाधीन दुकान से टकरा गई।







## बाइकों में टक्कर के बाद सड़क पर पड़े एक घायल को अज्ञात वाहन ने कुचला

**तीन गंभीर, विजयराघवगढ़ अस्पताल में भर्ती, बरही-विजयराघवगढ़ मार्ग पर हादसा**

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सिंनगौड़ी में एक और भयंकर सड़क हादसा सामने आया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मोटरसायकल क्रमांक एम.पी.20एमएम-4402 व एम.पी.21एमके-9164 में सवार होकर 4 लोग शुक्रवार की देररात कहीं जा रहे थे। इसीदौरान सिंनगोड़ी के समीप दोनों मोटरसायकलों में जोरदार भिड़ंत हो गई और सभी मोटरसायकल सवार सड़क पर गिर गए और इसी दौरान वहां से गुजरा एक अज्ञात वाहन घायल बाइक चालकों को कुचलता हुआ निकल गया। जिसके कारण जबलपुर निवासी 35 वर्षीय राम प्रसाद पिता ज्ञानी रजक की मौके पर मौत हो गई। वहीं हादसे में ग्राम सिघनपुरा निवासी रोहित पिता हरकेश चौधरी, ग्राम पिपरा निवासी हरकेश पिता अच्छेलाल चौधरी व ग्राम सिजहरा निवासी बालकिशन पिता जियालाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को विजयराघवगढ़ शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

+सी.आर.एम.क्लीनिक+
इन्फिनिटी हार्ट इंस्टीट्यूट
जीवन को वर्षों से जोड़ना
दिनांक- 15.05.2022 रविवार को परामर्श उपलब्ध
समयः दोपहर 1.00 बजे से सायं 3.00 बजे तक
स्थानः रुपलाल बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती आजाद चौक, सम्राट गली के सामने, कटनी (म.प्र.)
फोन 07622-2255824, 7024132323
For Appointment Please Call Us : 8319137733
उपलब्ध सेवायें- एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर, बायपास सर्जरी
उपलब्ध जाँचे- ई.सी.जी. ईको, टी.एम.टी., ब्लड टेस्ट
एम.डी. (मेड) आई.एम.एस.बी.एच.यू., वाराणसी
डीएम कार्डियोलॉजी एसएसकेएम, आईपीजीएमई एवं आर कोलकता
एडवांस कार्डिएक कैथेराइजेशन में फैलोशिप (माउंट सिनाई न्यूयॉर्क)
पूर्व सलाहकार एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट
10000 से अधिक एंजियोग्राफी, 4000 एंजियोप्लास्टी और 6000 स्थायी पेसमेकर प्रत्यारोपण का अनुभव
CGHS, CSMA, ECHS से मान्यता प्राप्त विभिन्न लाईफ इंश्योरेंस बीमा कंपनी द्वारा मान्यता प्राप्त प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना
डॉ. अंकित अग्रवाल एम.डी.डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
डॉ. अभिषेक शर्मा एम.बी.बी.एस. डिप कार्ड (पी.जी.डी.सी.सी.)
डॉ. एस.के. शर्मा, एम.डी. मेडिसिन (वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ)

मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता
एडवांस्ड सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511

रत्ना गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारे
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
गार्डन मात्र 51000/-

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाइट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाइट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

PRE. REGISTRATION साईंनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
| --- | --- | --- | --- |
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
साईंनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
| --- | --- | --- | --- |
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

बेचना है
शोरूम/ ऑफिस/ शॉप/ दुकानें विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। कटनी शहर के मध्य में यूनियन बैंक के सामने सुभाष चौक के पास
संपर्क करें- सुबह 11 से 12 सायं 7 से 8
मो.8889669902

श्री वेंकटेश्वरा बोरवेल्स
हर प्रकार के बोर 9 बाय 7.4 खेत, घर कुआं एवं सबमर्सिबल पम्प, केसिंग पाईप हेतु हर प्रकार के बोर करवाने हेतु संपर्क करें, उचित दरों में...
PVC पाइप थोक दर प्रति किलो के हिसाब से उपलब्ध
सबमर्सिबल पंप सेट थोक दरों में उपलब्ध
सबमर्सिबल पंप एवं PVC पाइप के थोक विक्रेता
मो. -7869171856 7974741898
ब्रांच ऑफिस- सत्यनारायण मंदिर के पास, पैरामाउंट स्टील के सामने, माई नदी, कटनी

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)